तापमान

अधिकतम 34 .2 डिग्री
न्यूनतम 16 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि


रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025



14 भाजपा सरकार की दलित विरोधी नीतियों पर कांग्रेस का वार...



14 अंबाला क्लब के चुनाव का बिगुल बजा, 2 नवंबर को चुनी जाएगी...




**खबर संक्षेप**

### हत्या की योजना में चार आरोपी किए गिरफ्तार

**करनाल।** करनाल पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनका संबंध रवि कुमार पुत्र सालघराम, वासी गांव सिरसी, करनाल की हत्या की योजना से था। अपराध अन्वेषण शाखा दो की टीम ने इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में कर्ण कुमार पुत्र संजय साहनी, मोहन कुमार पुत्र तानक तांती, मृत्युंजय उर्फ सत्या पुत्र विजय कुमार और साजन पुत्र शंकर महतो को दशहरा ग्राउंड, सेक्टर 4, करनाल से गिरफ्तार किया।

### नशा तस्कर को आठ साल की कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ के तस्करी के आरोपी चंद्रमोहन पुत्र राम मेहर निवासी गांव कथूरा जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए आठ साल के कठोर कारावास की सजा दी। जबकि चंद्रमोहन पर 80 हजार रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर चंद्रमोहन को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### हादसे में बिहार प्रवासी की मौत

**पानीपत।** पानीपत जिले की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले 19 वर्षीय पप्पू पासवान मूल निवासी वैशाली बिहार, हाल निवासी छोटूराम चौक पानीपत की कपड़े के वजनी रोल के नीचे दबने से मौत हो गई। इसराना थाना पुलिस की जांच में पता चला कि पप्पू काम के दौरान थककर फैक्ट्री में ही सो गया था। इधर, पुलिस ने पप्पू के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने तेजाब पीया

**पानीपत।** पानीपत के हरि सिंह चौक के पास स्थित विजय नगर कॉलोनी में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते तेजाब पी लिया। वहीं, डायल 112 पुलिस टीम ने युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इधर, डायल 112 पर तैनात एएसआई राम सिंह ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस युवक के मोबाइल फोन की मदद से जहां उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है।

एक्टिवा पर सवार होकर बस स्टैंड जा रही थी महिला

# बेटे को दिखाने पीजीआई जा रही मां बेटे की ट्रॉले के नीचे से आने से मौत


**पति व चाचा ससुर भी हादसे में बुरी तरह जख्मी**

- एसडी कॉलेज के पास तेज रफ्तार ट्रॉले ने स्कूटी को टक्कर मार दी।
- हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सोमवार को अहोई अष्टमी के दिन महिला और उसके 9 महीने के बच्चे की मौत हो गई। महिला बीमार बच्चे को दिखाने के लिए चंडीगढ़ पीजीआई जाने वाली थी। चाचा ससुर भतीजे, पत्नी और बच्चे को स्कूटी पर बस स्टैंड छोड़ने जा रहे थे। एसडी कॉलेज के पास तेज रफ्तार ट्रॉले ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें मां-बेटे की मौत हो गई जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी घटना को सूचना दी गई। इसके बाद घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। जबकि महिला और उसके बच्चे का शव अस्पताल में रखवा दिया गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

- पुलिस ने ट्रॉले के चालक को किया काबू



**अंबाला।** हादसे में जान गंवाने वाली मां व मासूम बेटा।

**खसर बाते**

- हादसा सोमवार सुबह अहोई अष्टमी के दिन हुआ।
- प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसने एम्बुलेंस और पुलिस को फोन किया, लेकिन पुलिस करीब एक घंटे बाद पहुंची।
- आरोप है कि महेश नगर पुलिस ने समय पर मदद नहीं की।
- आरोपी ट्रॉला चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### पिता और चाचा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया

सपेहड़ा गांव के रहने वाले रमेश ने बताया कि उसकेर भतीजे कृष्ण (28) और उसकी पत्नी वंदना (25) को अपने 9 महीने के बेटे गीतांश को चंडीगढ़ पीजीआई में चेकअप कराने के लिए लेकर जाना था। तीनों को स्कूटी से अंबाला कैंट के बस स्टैंड पर छोड़ने जा रहा था। रमेश ने बताया कि सोमवार सुबह 5 बजे जब हम लोग एसडी कॉलेज के पास पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रॉले ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वंदना और गीतांश स्कूटी से गिरकर ट्रॉले के पहिये के नीचे आ गए जबकि कृष्ण और मैं थोड़ी दूर गिरकर घायल हो गया। रमेश के मुताबिक घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। वंदना और गीतांश की ट्रॉले के टायर के नीचे आने की वजह से मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कुछ देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एम्बुलेंस से कृष्ण और रमेश को सिविल अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तो वह ड्यूटी पर जा रहा था। उसने एम्बुलेंस और पुलिस को फोन किया। 5 बजकर 20 मिनट पर यह हादसा हुआ था। पुलिस 6 बजकर 15 मिनट तक नहीं आई। पौने घंटे शव मौके पर पड़े रहे। उसका आरोप है कि महेश नगर पुलिस ने भी इंसानियत के नाते कोई मदद नहीं की। इसके बाद में एम्बुलेंस और पुलिस आई। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि उनके पास साढ़े 5 बजे हादसे की सूचना आई थी। डायल 112 और चौकी की टीम मौके पर पहुंची थी। मां और बच्चे की मौत हो चुकी थी।

# राज्य विश्वविद्यालय सहायकों के 3600 ग्रेड पे पर 10 नवंबर को सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत सहायकों के 3600 रुपए ग्रेड पे को हरियाणा उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार द्वारा घटा कर 3200 किए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की डबल बैंच में आगामी 10 नवंबर को सुनवाई होगी। वहीं दूसरी ओर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा तथा भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुरकलां में कार्यरत इस कोर्ट कोस में शामिल सहायक सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

### ग्रेड पे 3600 रुपए से घटा कर 3200 रुपये किया था



ऐसे में 10 नवंबर को होने वाली सुनवाई में कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद और विश्वास है। इस संबंध में याचिकाकर्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से रिटायर्ड एसिस्टेंट रजिस्ट्रार दविंदर सचदेवा ने बताया कि डायरेक्टर हायर एजुकेशन हरियाणा गवर्नमेंट ने 20 सितंबर 2014 को एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत सहायकों की ग्रेड पे 3600 रुपए से घटा कर 3200 रुपए कर दिया था।

### हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील

हरियाणा सरकार के उपरोक्त निर्णय के खिलाफ जब लिखित ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन बेअसर रहे तो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी एवं भगत फूल सिंह महिला यूनिवर्सिटी के प्रभावित कर्मचारियों ने हाई कोर्ट का रुख किया वहीं माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2019 को सहायकों के 3600 रुपए ग्रेड को बहाल किए जाने का फैसला सुनाया था। हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। अब इस मामले में 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

# कहासुनी होने पर परिवार के सदस्यों पर किया तलवार व गंडासी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव अजीजपुर से गांव शाहपुर जाने वाले पक्के रास्ते पर कहासुनी के बाद कुछ लोगों ने परिवार के सदस्यों पर तलवार व गंडासी से हमला कर दिया। जिसमें परिवार के चार लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 14 आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शाहपुर निवासी लखविंदर सिंह ने छप्पर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव अजीजपुर से शाहपुर जाने वाले पक्के रास्ते पर किसी काम से जा रहा था। इस दौरान नवीन, दिलीप, अनिल, सुरेंद्र, संजीव कुमार, अश्वनी कुमार, करम सिंह, राजवीर, परब कुमार, संदीप, सतबीर, मुकेश कुमार, शुभम व गुरसेवक बाजवा ने उस पर लाठी, डंडों, तलवार व गंडासी से हमला कर दिया।

- चार हुए घायल, पुलिस ने आरोपी 14 लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज



### पुलिस ने कार्रवाई की शुरू

इस दौरान उनके परिवार के सदस्य बलजिंदर, भूपेंद्र सिंह व मनजीत भी मौके पर आ गए। आरोपियों ने उन पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पति ने पत्नी का बनवाया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र

**आरोपी व्यक्ति का अपनी पत्नी के साथ कोर्ट में चल रहा तलाक का केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के बूडिया कस्बे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया। पीड़ति महिला का आरोप है कि उसका पति के साथ कोर्ट में तलाक का केस चल रहा है। ऐसे में उसे डर है कि कहीं वह उसकी प्रॉपर्टी में हिस्सा न मांग ले। आरोपी ने उसे प्रताड़ति करने के लिए मरा हुआ दिखाकर उसे सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रखना चाहता है।

- आरोपी ने प्रॉपर्टी में हिस्सा न मांगने के डर से बनवाया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र

### फर्जीवाड़ा: पत्नी का नाम दस्तावेजों से हटवाया

जानकारी के अनुसार बूडिया निवासी समीना ने बताया कि उसके पति लियाकत ने 2016 में उसे तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिया था और दूसरी शादी कर ली थी। आरोप है कि उसका नाम उसके सभी सरकारी दस्तावेजों हट जाए इसलिए पति और ससुर ने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया ताकि उसे कोई सरकारी लाभ न मिल सके। समीना ने बताया कि उसके पहचान पत्र दयालगढ़ के बने हुए हैं। तीन साल पहले पति लियाकत और ससुर यूसुफ द्वारा उसका मृत्यु प्रमाणपत्र उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सरसावा के स्वास्थ्य केंद्र से बनवाया गया। प्रमाणपत्र में मृत्यु का स्थान भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसावा दिखाया गया।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी की 9 सदस्यीय समिति ने दिया बयान, जत्थेदार झींडा ही रहेंगे प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान रहेंगें। यह निर्णय अकाल पंथक मोर्चा और झींडा गुरप की संयुक्त 9 सदस्यीय कमेटी ने लिया है।

अपने इस फैसले की जानकारी अकाल पंथक मोर्चा के हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, मोहनजीत सिंह पानीपत, महासचिव अंग्रेज सिंह ने संयुकत रूप से दी।

हरियाणा कमेटी के हैड ऑफिस में लंबे समय तक चली इस बैठक में अकाल पंथक मोर्चा के हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, मोहनजीत सिंह पानीपत, कर्मजीत सिंह, इकबाल सिंह, सुखदेव सिंह, काका सिंह रतनगढ़, बलकार सिंह और झींडा ग्रुप से हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के महासचिव अंग्रेज सिंह, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, करनैल सिंह निमनाबाद, पलविंदर सिंह और मैंबर बलदेव सिंह खालसा, बलविंदर सिंह खालसा, मेजर सिंह, इंदरजीत सिंह ने भी शिरकत की। इस दौरान सिख नेता साहिब सिंह मर्दानखेड़ा भी मौजूद रहे।



### हरियाणा कमेटी के सदस्य जत्थेदार झींडा के समर्थन में एकजुट

संस्था के कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी ने बताया कि इस 9 सदस्यीय कमेटी में हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, कर्मजीत सिंह, इकबाल सिंह, मोहनजीत सिंह, महासचिव अंग्रेज सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य करनैल सिंह निमनाबाद, मेजर सिंह गुहला, वे स्वयं तथा सिख नेता साहब सिंह मर्दानखेड़ा शामिल थे। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा को समर्थन देने के निर्णय की जानकारी देते हुए अकाल पंथक मोर्चा और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर हरमनप्रीत सिंह बुट्टर के अनुसार धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 साला शहीदी शताबदी मनाने और संगत की भावनाओं के मद्देनजर श्री अकाल पंथक मोर्चा के मैंबर साहिबान ने हरियाणा कमेटी के महासचिव एवं अन्य सदस्यों के साथ मिल कर संस्था को चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले समय में हरियाणा कमेटी का जो बजट पास नहीं हो पाया था, उसे अब पास करते हुए अन्य जरुरी काम किए जाएंगें। महासचिव अंग्रेज सिंह ने कहा कि हरियाणा कमेटी के मैंबर साहिबान एकजुट नहीं, इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संस्था के सभी मैंबर साहिबान एकजुट हैं।

# 19 लाख लेकर नहीं करवाई रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

19.10 लाख रुपये का बयाना लेकर भी दूसरे के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवाने के आरोप में पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। अंबाला शहर की डीडब्ल्यूएस कॉलोनी के रहने वाले संदीप जैन ने पुलिस को दी शिकायत में रूपो माजरा गांव के सोहन सिंह, उसकी पत्नी, दो बेटों सुखबीर सिंह व संतोख सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है।

### इकरारनामा कर जमीन बेचने का वादा तोड़ा

संदीप ने बताया कि 29 फरवरी 2024 को सोहन सिंह के साथ एक इकरारनामा किया था कि जमीन उसके व उसकी पत्नी व उसके दो बेटों के नाम सोहन सिंह ने कहा था कि वह यह बयाना पूरे परिवार की सहमति से कर रहा है। इकरारनामे के तहत उसने अपनी व अपने परिवार की 1016 वर्ग गज जमीन को 8210/- प्रति वर्ग गज के हिसाब से बेचने का सौदा किया था। आरोपी की जमीन साझी खेवट में पड़ती थी। तकरीबन 35/36 खसरा नंबरों यह सांझी खेवट थी। आरोपी ने इकरारनामे के समय आश्वासन दिया था कि उसने इस जमीन के बंटवारे का दावा दायर किया हुआ है। जैसे ही बंटवारे का दावा का निर्णय हो जाएगा, उसके 4 माह के अंदर वह 1016 गज की रजिस्ट्री करवा देगा। इस दौरान उन्हें अलग-अलग दिनों में 19.10 लाख रुपये की राशि भी दे दी। बावजूद इसके आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम नहीं करवाई। जब उसने इस मामले की अपने स्तर पर पड़ताल की तो जानकारी मिली कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से अपनी यह जमीन तीन जुलाई 2025 को प्रलेख नंबर 2381 के तहत काजीवाड़ा के सुमित कुमार को बेच दी है।

### हादसे में चालक व खलासी की मौत

**पानीपत।** पानीपत में अनाज मंडी के सामने जीटी रोड पर रविवार की आधी रात तेज रफ्तार ट्रक के अचानक मुडने से पीछे आ रहा कैंटर उससे टकरा गया। हादसे में कैंटर का चालक निर्मल सिंह निवासी गांव बाउपुर जिला कैथल व खलासी भूपेंद्र निवासी गांव तिरपडी निवासी जिला पटियाला की मौत हो गई। दोनों कैंटर में पेपर मिल से माल लोड कर दिल्ली की तरफ जा रहे थे। थाना चांदनी बाग पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों को केस की जांच के लिए इंपाउंड कर लिया।

# कपाल मोचन मेले के लिए मंदिरों को दे रहे भव्य रूप

**श्री कपाल मोचन मेले का एक नवंबर से 5 नवंबर तक होगा भव्य आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री कपाल मोचन मेले के शुरू होने में अब मात्र 17 दिन का समय शेष बचा है। मेले के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। खास बात यह है कि तीर्थ स्थल स्थित सरोवरों व मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। इस बार कपालमोचन तीर्थ स्थल पर एक नवंबर से लेकर 5 नवंबर तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### भव्य रूप से सजाया जा रहा तीर्थ स्थल

मेला सूत्रों की मानें तो मेले को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर पिछले करीब 15 दिन से तैयारियां चल रही हैं। सोमवार को भी दिन भर तीर्थ स्थल पर मेले को लेकर तैयारियां की जाती रहीं। इस दौरान कपाल मोचन तीर्थ स्थल स्थित गऊ-बच्छा मंदिर समेत अन्य स्थानों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। मंदिर में रखी गाय और बच्छा की आकृतियों को रंग-रोगन से सजाया जा रहा है। उधर, मेले स्थल पर दुकानों व लोगों के रहने के लिए स्थान निर्धारित किए गए। मेले में श्रद्धालुओं के ठहरने व उनकी सुविधाओं के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** कपालमोचन तीर्थ स्थल स्थित गऊ -बच्छा घाट पर बने मंदिर में स्थित गाय व बच्छा की मूर्तियां।

### पांच दिन तक सरोवरों में श्रद्धालु करते हैं स्नान

धार्मिक तीर्थ स्थल कपालमोचन पर कार्तिक की पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में पंजाब समेत अन्य प्रदेशों के श्रद्धालु पहुंचकर पांच दिन तक कपाल मोचन सरोवर, ऋण मोचन समेत तीनों सरवरों में स्नान करते हैं और दीप दान करते हैं। वहीं, अधिकांश श्रद्धालु एक दिन का स्नान कर घरों को लौट जाते हैं। इस बार तीर्थस्थल पर एक नवंबर से लेकर 5 नवंबर तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।




## खबर संक्षेप



### परिवहन कर्मचारी संघ के संदीप बने डिपो प्रधान

**करनाल।** हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) की बैठक पुराना बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कृष्णलाल नोहरा ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र कुमार सीवन ने किया। विचार-विमर्श के बाद करनाल डिपो की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई संदीप मंजूरा को डिपो प्रधान, बल सिंह को संगठन मंत्री, अजमेर सिंह, मनीराम, बलजीत सिंह और राकेश राणा को उपप्रधान, राजबीर कौल को सचिव, महेंद्र चोर कारसा को सह सचिव, सुशील कुमार शर्मा को कैशियर, कुलदीप को सह कैशियर और सतीश कुमार को ऑडिटर बनाया गया। संजीव फौजी प्रेस सचिव, नसीब सांच कार्यालय सचिव और अंकित मूंदड़ी सलाहकार के रूप में कार्य करेंगे।



### श्रीराम मंदिर में कार्तिक कथा संपन्न

**करनाल।** श्रीराम मंदिर सेक्टर-8 में चल रही कार्तिक कथा के छठे दिन पंडित अनिल द्विवेदी एवं पंडित हरीश आचार्य ने तारों की छांव में कथा का वाचन किया। मुख्य यजमान रामदिता बत्रा व ऊषा बत्रा रहे। श्रद्धालुओं ने विधिवत नवग्रह पूजन और हवन यज्ञ में भाग लिया। पंडित अनिल द्विवेदी ने तुलसी माता की कथा सुनाते हुए बताया कि पूर्व जन्म में वृंदा नाम की पतिव्रता स्त्री ने भगवान विष्णु को शालिग्राम रूप में रहने का श्राप दिया, जिसके बाद तुलसी का पौधा उत्पन्न हुआ और वह सदा विष्णु संग पूजी जाने लगीं।

### एआईएसएफ राज्य स्तरीय शिविर का समापन

**करनाल।** एमसी कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह हाल में आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) हरियाणा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। समापन सत्र में प्रसिद्ध मार्क्सवादी चिंतक अनिल राजिमवाले ने भाग लिया और युवाओं को संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहने का संदेश दिया।

### धान की आवक बढ़ने से मंडी बंद रही

**घरौंडा।** सोमवार को किसानो में अफरा तफरी का माहौल रहा और सुबह से ही किसान धान की ट्रैक्टर ट्राली लेकर मंडी में पहुंच गए। शाम तक ये सिलसिला चलता रहा। जिससे सर्विस लेन पर जाम की स्थिति बनी रही। जिसमें हरियाणा रोडवेज की बसे भी फंसी रही। जिससे यात्रियों व अन्य वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पूरा दिन पुलिस के जवान जाम खुलवाने में लगे रहे। जिससे मंडी एसोसिएशन ने मंगलवार को धान की आवक पर रोक।,केवल लिफ्टिंग की जाएगी। मौसम के साफ होते ही मंडी में धान की आवक बढ़ गई है।

## शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी में युवा महोत्सव शुरू

# मेरा नो डांडी का बीजना... हरियाणवी डांस की प्रस्तुति ने सभी का मोह लिया

- *कार्यक्रम मे विविध प्रदर्शनियों का आयोजन किया*
- *लोक संस्कृति और परंपराओं को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया*

सोलो डांस फीमेल हरियाणवी में प्रथम स्थान पर टीम नंबर 8, द्वितीय स्थान पर टीम नंबर 11 एवं तृतीय स्थान पर टीम नंबर 26 एवं टीम नंबर 5 रही। फॉक सॉन्ग जनरल में टीम 26 प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर टीम नंबर 24 एंड तृतीय स्थान पर टीम नंबर 15 रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी इंद्री में तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का शुभारंभ हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने किया । इस मौके पर विधायक राम कुमार कश्यप, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने की। महोत्सव का आयोजन संयोजिका डॉ. मीरा कश्यप एवं सह-संयोजिका डॉ. भारती की देखरेख मे किया जा रहा है । कार्यक्रम मे विविध प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जिनमें विशेष आकर्षण रहा हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करने वाली सांझी प्रदर्शनी रही । जिसने क्षेत्रीय लोक संस्कृति और परंपराओं को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। इस मौके पर मेरा नो डांडी का बीजना... हरियाणवी डांस की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं की छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने और उनकी झिझक को दूर करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में विशिष्ट पहचान बनाता जा रहा है। जहां दुनिया के कई हिस्सों में गृह युद्ध चल रहे हैं, वहीं भारत पूरी दुनिया को शांति का संदेश देते हुए आर्थिक, सांस्कृतिक व सामाजिक रूप से समरसता के साथ ताकतवर बनने की ओर बढ़ रहा है।




इंद्री। तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि





इंद्री 3 तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव मे प्रस्तुति देती प्रतिभागी ।

### ये रहे मौजूद

शिक्षामंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश और विश्व गुरु बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे पूरा करने में युवा पीढ़ी की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और जब युवा शक्ति किसी काम को करने की ठान लेती है तो वह जरूर पूरा होता है। इस मौके पर इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी करनाल डॉ अनीता , डायरेक्टर आफ यूथ एंड कल्चर डिपार्टमेंट, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी डॉ, विवेक चावला, डीएसपी इंद्री सतीश गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी, डॉ राजेश रांझा, डॉ रिशिपाल, जनता कॉलेज, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ राजकुमार आदि रहे।

### प्राचार्य ने शिक्षा मंत्री के समक्ष ये मांगे रखीं

प्राचार्य डॉ महेन्द्र सिंह बागी ने शिक्षा मंत्री से महाविद्यालय में बहुउद्देश्यीय हॉल, ओपन जिम तथा शेड युक्त पार्किंग निर्माण की मांग की। इस पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आश्वासन दिया कि इन कार्यों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। प्राचार्य, डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने संस्थान की उपलब्धियों, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि यह उत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है, बल्कि युवाओं में सृजनशीलता, अनुशासन, सहयोग और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में न केवल आत्मविश्वास का विकास होता है, बल्कि उनमें अपनी संस्कृति, कला और परंपराओं के प्रति गर्व और लगाव भी बढ़ता है। महोत्सव के पहले दिन विभिन्न मंचों पर कई रंगारंग प्रस्तुतियां हुईं। पानीपत एवं करनाल जोन के सभी महाविद्यालयों से विभिन्न प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। युवा महोत्सव में पहले दिन 17 गतिविधियां सम्पन्न हुईं। जिसमें लगभग 26 महाविद्यालयों की 180 टीमों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। क्रिएटिव कोरियोग्राफी में प्रथम स्थान पर टीम नंबर 26, द्वितीय स्थान पर टीम नंबर 8, तृतीय स्थान पर टीम नंबर 5 रही।



### पशुपालन को आत्मनिर्भर हरियाणा का स्तंभ बताया

करनाल। हरियाणा का गौरव उसकी खेती और पशुपालन पर टिका है। गांव बल्ला की राजकीय पशु औषधालय में आयोजित तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि स्वस्थ पशु और समर्पित पशुपालक ही ग्रामीण परिवारों की समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने देसी नस्लों जैसे हरियाणा, साहीवाल, गिर और थारपारकर का संरक्षण ग्रामीण स्वावलंबन और सांस्कृतिक पहचान के लिए आवश्यक बताया। डॉ. चौहान ने कहा कि हरियाणा में प्रतिदिन लगभग 120 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 6 प्रतिशत है। उन्होंने पशुपालकों को स्वदेशी नस्लों, स्वस्थ पशु आहार और आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण तकनीक अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में बल्ला और मानपुरा गांव के पशुपालक उपस्थित थे। श्रेष्ठ दुग्ध उत्पादक अमरजीत पहलवान की भैंस ने 22 किलो 740 ग्राम दूध के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। गायों में सर्वाधिक दूध तेजवीर की हरियाणा नस्ल की गाय ने 14 किलो दूध देकर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### विधायक शहर में विकास कार्यों की समीक्षा की

**करनाल।** सोमवार को करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी, शाखा प्रमुख और इंजीनियरिंग व सेनीटेशन विंग के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किए जाएं। उन्होंने महर्षि वाल्मिकी चौक, पुरानी सब्जी मंडी, रामलीला ग्राउंड और पिंगली डेयरी कॉम्प्लैक्स में कार्य की गति बढ़ाने के आदेश दिए। विद्युत शाखा को दीपावली से पहले स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट और तिरंगा लाईट चालू रखने का निर्देश दिया गया। महापौर ने सड़क सौंदर्यकरण, पार्क नवीनीकरण और कमर्शियल सेंटर रोड निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने पर जोर दिया। नगर निगम आयुक्त ने जानकारी दी।

# आईपीएस की मौत को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दलित अधिकार मंच हरियाणा, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, जनवादी महिला समिति, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, सीआईटीयू व रिटायर्ड कर्मचारी संघ सहित कई संगठनों ने आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत को संस्थागत हत्या करार देते हुए जिला सचिवालय पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। सभी संगठनों के पदाधिकारी सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पर एकत्र हुए और उपायुक्त कार्यालय के एक अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। संचालन ओमप्रकाश सिहमार (दलित अधिकार मंच जिला संयोजक) ने किया।




### प्रदर्शकारियों ने लगा गंभीर आरोप

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिवंगत आईपीएस अधिकारी ने अपने अंतिम नोट में कई वरिष्ठ अधिकारियों पर उत्पीड़न और भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए थे, बावजूद इसके सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। वक्ताओं ने मांग की कि इस संस्थागत हत्या की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों को पद से हटाकर गिरफ्तार किया जाए। सभा को जगमाल सिंह, जराशो शर्मा, बलराज सिंह, शारदा, सुशील गुज्जर, अशोक कुमार व शीशपाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्वती तनेजा, सुमन मंगलोरा, कृष्ण शर्मा, ताराचंद सैनी, धीरज सिंह रावत, धनीराम, उधम सिंह राठी, सियानंद, रोशनलाल गुप्ता, जयभगवान शर्मा, सुरेंद्र, रमेश कुमार साहिल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर करनाल में जबरदस्त विरोध

- सरकार-प्रशासन की लापरवाही पर दलित संगठनों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में सोमवार को दलित अधिकारी वाई. पूरण कुमार की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिलेभर के दलित संगठनों ने एकजुट होकर ज़िला मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा की जा रही घोर लापरवाही दलित समाज के प्रति दोहरे रवैये को दर्शाती है। सैकड़ों



की संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय पर पहुँचकर उपायुक्त (DC) को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि इस मामले में उच्चाधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर डीजीपी व एसपी को बर्खास्त किया जाए तथा दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सज़ा दी जाए।

### प्रशासन के रवैये पर जताई नाराजगी

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह सिर्फ एक अधिकारी की आत्महत्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता पर गहरा प्रहार है। घटना को हुए 6-7 दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न होना प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रतीक है। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैध अपने सैकड़ों साथियों के साथ अग्रणी भूमिका में उपस्थित रहे। राजेश वैध ने कहा कि दलित समाज के प्रति अन्याय के खिलाफ यह संघर्ष निर्णायक चरण में है। वे स्वयं दलित समाज से हैं और वर्षों से वंचित वर्गों की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं।

### न्याय न मिलने पर बड़े स्तर पर आंदोलन को चेताया

प्रदर्शन को मलखान सिंह, रिंकू, कृष्ण कुटेल, रोहित जोशी, बलवान वाल्मीकि सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को राज्यव्यापी रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर जगपाल जे.पी., तेजिंदर मान, जोगिंदर वाल्मीकि, अशोक दुग्गल, मुकेश ग्रोवर, अमन जोशी, अनिल, राजेंद्र बल्ला, चेतराम, बंटी मान, परमजीत वाल्मीकि, संजीव सम्भली (सरपंच), सोनू मेट्रो और राजेश समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### देश की तरक्की के लिए बच्चों को बनाएं संकारवा

देश को सकारात्मक दिशा में ले जाना है तो बच्चों को बनाये संस्कारवानः विजय सिंगला तरावड़ी, 13 अक्तूबर (राजकुमार खुराना)। श्रीराम एग्रोटेक के सीएमडी एवं उद्योगपति विजय सिंगला ने कहा कि घर संस्कारों की जन्मस्थली है। संस्कारित करने का कार्य घर से प्रारंभ करना चाहिए। बच्चे उपदेश से नहीं, अनुसरण से सीखते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं। पारिवारिक पाठशाला में बच्चा अच्छे और बुरे का अंतर समझने का प्रयास करता है। आजकल माता-पिता दोनों की व्यस्तता के कारण बच्चों में संस्कार की कमी देखी जा रही है। माता-पिता भौतिक सुख-साधन उपलब्ध कराकर बच्चों को सुखी और खुश रखने की परिकल्पना कर रहे हैं। बच्चा जन्म लेता है, पलता है और बढ़ता है। प्राकृतिक परिवेश उसके आचार-व्यवहार, शरीर के रंग-रूप का निर्णायक होता है, आदतें बनाता है। सामाजिक परिवेश के अंतर्गत परिवार, मोहल्ला, गांव और विद्यालय के साथी, सहपाठी, मित्र, पड़ोसी तथा शिक्षक आते हैं। विजय सिंगला ने कहा कि बालक समाज में जैसे आचरण और स्वभाव की संगति में आता है, वैसे ही संस्कार उसके मन में बैठ जाते हैं।

# कार्तिक कथा देती है पापमुक्ति : चेतन देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सदर बाजार स्थित उत्तम औषधालय के समीप माता प्यारी मंदिर प्रांगण में चल रही कार्तिक कथा में प्रवचन करते हुए पं. चेतन देव ने कहा कि जो मनुष्य श्रद्धा और भक्ति से कार्तिक कथा का श्रवण करता है, व्रत रखता है और सच्चे मन से सिमरन करता है, वह अपने पापों के बंधनों से मुक्त होकर जीवन में सच्चे अर्थों में सुख और सफलता का मार्ग पा लेता है। उन्होंने कहा कि कार्तिक मास अध्यात्म, संयम और सद्कर्मों का महीना है। इस माह में व्यक्ति अपने भीतर की कमियों को सुधार सकता है और जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकता है।



### कार्तिक मास के व्रत बैकुंठ की ओर ले जाते हैं

उन्होंने कहा कि व्रत, पाठ, पूजा, दान और पुण्य के कार्य करने से व्यक्ति के जीवन में सात्विकता और शांति आती है। पं. चेतन देव ने कहा कि कार्तिक मास के व्रत बैकुंठ की ओर ले जाते हैं। यह समय आत्मचिंतन, सत्संग और सेवा का होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस पवित्र मास में अधिक से अधिक सत्कर्म करें और जीवन को प्रभु की भक्ति में समर्पित करें। कथा के दौरान पं. शेखर शर्मा व संत सच्चिदानंद ने भगवान श्रीराम के जीवन की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान राम ने वनवास के कठिन दौर में भी धर्म, सत्य और मर्यादा का पालन करते हुए समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया।



### राकेश पहलवान का गगसीना में हुआ भव्य सम्मान

**घरौंडा।** गांव गगसीना के बेटे और करनाल पुलिस में कार्यरत राकेश कुमार पहलवान ने ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष में गांव के खेल प्रेमियों और युवाओं द्वारा खेल स्टेडियम में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सम्मान समारोह के दौरान राकेश पहलवान का स्वागत फूलों की माला और नोटों की माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सर्वहित पार्टी के जिला अध्यक्ष व समाजसेवी माशा पहलवान रहे, जिन्होंने सभी ग्रामीणों और खिलाड़ियों के सहयोग से इस भव्य आयोजन को सफल बनाया। इस मौके पर कोच मनोज कुमार, आज़ाद पुनिया, पहलवान जगमोहन, कोच पूनम , विवेक कादियान, आनंद, जितेंद्र संधू, डॉक्टर सालिंदर, गऊशाला प्रधान सत्यवान, प्रीतम, देशपाल, विनोद संधू आदि रहे।

# गेट पास के कारण सड़क पर लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी के आसपास रविवार को जाम की स्थिति बनी रही। रविवार को मंडी में धान की खरीद बंद रहने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे, जिससे सडक़ों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सुबह से ही ट्रकों और ट्रालियों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालात ऐसे बने कि स्कूल बसें और आम वाहन भी जाम में फंसे रहे। मंडी के अंदर प्रवेश को लेकर सबसे बड़ी परेशानी गेट पास प्रक्रिया बनी रही। जानकारी के अनुसार, सरकारी पोर्टल की धीमी गति के कारण किसानों के गेट पास समय पर नहीं कट पाए, जिससे मंडी में वाहनों का प्रवेश बाधित हुआ और ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। रविवार को खरीद न होने के बावजूद कुछ किसान जल्दबाजी में मंडी पहुंच गए।



तरावड़ी। अनाज मंडी के बाहर सडकों पर ट्रकों व ट्रालियों का लंबा जाम।

### रविवार को छुट्टी के करण हुई परेशानी

मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के बावजूद किसानों के मंडी पहुंचने से व्यवस्था प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक प्रयास जारी हैं और शाम तक हालात सामान्य होने की उम्मीद है। वहीं, तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे फसल को मंडी में लाने से पहले गेट पास अवश्य कटवाएं, ताकि अनावश्यक जाम और भीड़भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी व्यवस्था संभालने में जुटे हुए हैं। तरावड़ी मंडी में यूपी के व्यापारियों द्वारा धान के ट्राले भरकर लाने का सिलसिला जारी है। सवाल यह उठता है कि जब पोर्टल पर किसानों के नाम दर्ज हैं, तो व्यापारियों के गेट पास किस प्रक्रिया से कटेंगे, यह प्रशासन के लिए सोचने का विषय है।

## महाराजा अग्रसेन के जीवन दर्शन पर अग्रलीला का आयोजन

# कलाकारों ने अग्रसेन की महिमा का किया गुणगान

- महाराजा अग्रसेन के जीवन के हर पहलू का जीवंत मंचन देखकर भाविभोर हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अग्रकुल सेवा संस्था की ओर से रविवार को मंगलसेन सभागार में महाराजा अग्रसेन के जीवन दर्शन पर आधारित भव्य अग्रलीला का आयोजन किया गया। मुंबई से पहुंचे लगभग 35 कलाकारों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन के हर पहलू का जीवंत मंचन किया, जिसे देखकर हजारों दर्शक दो घंटे तक मंत्रमुग्ध रहे। अग्रसेन के जन्म, इंद्र दरबार, राक्षसों के आतंक, नृत्य, यज्ञ में पशुबलि से विरक्ति जैसे प्रेरणादायक प्रसंगों को मंचित किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक पवन जिंदल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन सच्चे समाजवाद के प्रतीक थे और उनके आदर्श आज की युवा पीढ़ी को कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य पर टिके रहने की प्रेरणा देते हैं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी अशोक कुमार, मेयर रेणु बाला गुप्ता व समाजसेवी प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक रमन बंसल, अंकुर गुप्ता, आशीष गुप्ता व मोहित गोयल ने किया।



करनाल। कार्यक्रम में मौजूद आयोजक व अतिथि। फोटो : हरिभूमि



करनाल। मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### संस्था के प्रधान ने अतिथियों का किया स्वागत

संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने अतिथियों व कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं को महाराजा अग्रसेन के जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से यह लीला करनाल में आयोजित की गई। संरक्षक रामकुमार गुप्ता ने कहा कि जैसे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाएं होती हैं, वैसे ही अग्रलीला का आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर शम्मी बंसल, पदमसेन गुप्ता, कृष्ण गर्ग, नरेश गर्ग, दीपक गुप्ता, नरेंद्र गोयल, डॉ. एस.के. गोयल, वेद प्रकाश मंगला, विजय गर्ग, अशोक कुमार गुप्ता आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### दलितों का उत्पीड़न बंद हो

**पानीपत।** केन्द्र व राज्य में भाजपा के शासन के चलते देश व राज्य में दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। यहां तक किअनुसूचित जाति से सम्बन्धित उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों के साथ भी खुले तौर पर भेदभाव तेज हो गया है। सीपीआई के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप एवं सीपीआई की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य व जिला सचिव का.पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने आज यह विचार व्यक्त किए।

### महर्षि वाल्मीकि को नमन किया

**पानीपत।** ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति की राज्य कमेटी के आह्वान पर पानीपत ईकाई द्वारा हाली पार्क में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाते हुए उनको पुष्प अर्पित किए गए। नरेश अठवाल ने इसकी अध्यक्षता की व संचालन बलराज सिंह ने किया। मुख्य वक्ता नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता व दलित अधिकार मंच के राज्य सहसंयोजक शिवचरण, मंच की जिला संयोजक पायल, एसकेएस के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, टूरिज्म के राज्य प्रधान कश्मीर सिंह रहे।

### पुलिस ने रेलवे की भूमि पर दीवार का निर्माण रूकवाया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह में में रविवार रात को रेलवे की भूमि में दीवार के निर्माण को लेकर विवाद हो गया। विरोध करने वालों ने बताया कि कॉलोनी के कुछ लोग रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर दीवार बनाकर रास्ता बंद कर रहे थे। वहीं, हुडा सेक्टर 13-17 थाना की एसएचओ किरण ने बताया कि दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। जबकि जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि रेलवे की खाली जमीन पर अवैध रूप से दीवार निर्माण किया जा रहा था। कॉलोनीवासियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह रेलवे की जमीन पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य न करें। रेलवे अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है।

### दीप जलाकर मनाए दिवाली का पर्व : ढांडा

**पानीपत।** नीरसा परिवार ने दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा रहे। वहीं, ढांडा ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्यार के इस त्यौहार को प्यार से ही मनाए तथा ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें। इस अवसर पर प्रधान संजय गर्ग, प्रदीप कक्कड़, मुकेश बंसल, अशोक गोयल, राजीव गर्ग, रव बठला, राजीव जैन, राकेश बंसल, प्रवीण अग्रवाल, विवेक गर्ग, मनप्रीत सचदेवा, मुनीष जैन, कृष्ण जताना, रमेश गर्ग, वरुण कालरा, मुकेश गोयल, अंकित वडेरा, साहिल गोयल, अंकुर बंसल व दिनेश जैन आदि मौजूद रहे।

### इग्नू में दाखिला लें अभ्यर्थी

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु फीस जमा करने के लिए 15 अक्टूबर तक एक अंतिम अवसर है। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी अब तक किसी कारणवश दाखिला फीस जमा नहीं कर पाए हैं, उनके लिए यह अंतिम अवसर है।

### पराली प्रोटेक्शन फोर्स का गठन किया गया

**पानीपत।** उप कृषि निदेशक आत्मा राम गोदारा के नेतृत्व में जिले में इस वर्ष एक भी धान के खेत में पराली जलाने से बचने का संकल्प हर गांव की ग्राम पंचायत ने लिया है। इस दिशा में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पराली प्रोटेक्शन फोर्स का गठन किया गया है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि किसान भाईयों को पराली के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न आए। वहीं, पराली जलाने को लेकर प्रशासन बहुत सख्त है।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने विधायक प्रमोद को ज्ञापन सौंपा

# पानीपत का तेजी से गुणवत्ता वाला विकास हो रहा : विज

- विधायक प्रमोद विज को पानीपत का विकास पुरूष करार देते हुए
- कहा कि पानीपत के इतिहास में अभी तक के सबसे सफल विधायक

प्रमोद विज, पानीपत में भाजपा के सबका साथ सबका विकास, के नारे को सार्थक कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने पानीपत शहरी से विधायक प्रमोद विज को ज्ञापन सौंप कर इंदिरा कालोनी में वाल्मीकि समुदाय के लोगों के लिए केंद्र नाने की मांग की है। वहीं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री सुभाष चंद कबीरपंथी ने पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को विधायक प्रमोद विज के कार्यालय पर पहुंचे। सुभाष ने प्रमोद विज द्वारा पानीपत में करवाए जा रहे विकास कार्यों की जमकर सरहाना की और विधायक प्रमोद विज को पानीपत का विकास पुरूष करार देते हुए कहा कि पानीपत के इतिहास में अभी तक के सबसे सफल विधायक है। प्रमोद विज, पानीपत में भाजपा के सबका साथ, सबका विकास, सबका विकास के नारे को सार्थक कर रहे है। इस अवसर पर मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र आदि भी उपस्थित रहे। वहीं, विधायक विज ने कहा कि पानीपत में गुणवत्ता वाले विकास कार्य करवाए जा रहे है।



पानीपतप। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नेता सुभाष कबीरपंथी, विधायक प्रमोद विज को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यात्रियों की भीड़, ट्रेनों में नहीं मिल रही है जगह

**पानीपत।** दिवाली व छठ पर्व आते ही पानीपत रेलवे जंक्शन पर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड के प्रवासी नागरिकों की भीड़ उमड़ने लगी है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि रिजर्वेशन काउंटर पर घंटों लाइन में लगने के बाद भी यात्री खाली हाथ लौट रहे हैं। इधर, रेलवे के वाणिज्य निरीक्षक मुकेश बुरेड़ ने बताया कि दीवाली के कारण यात्रियों ने पहले से ही टिकटें बुक कर ली हैं। यात्रियों ने रेलवे से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाने की मांग की है।स्टेशन अधीक्षक रमेश चंद्र ने बताया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की संख्या और बढ़ती मांग को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के संचालन पर विचार कर रहा है।

### स्वच्छता को जागरूक किया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में पोषण माह के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने को बच्चों को बालों की सफाई, नाखूनों की सफाई, कपड़ों की सफाई, नहाना-धोना तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने जैसी दैनिक स्वच्छता आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## न्यूज डायरी



पानीपत। आईबी कॉलेज में साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसआई अरुण कुमार व योगेश कुमार रहे। वहीं, कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक कानूनी जानकारी और व्यावहारिक उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. वसुंधरा मदान द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को प्रभावशाली और सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया। जबकि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों को न केवल अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, बल्कि उन्हें यह भी समझना चाहिए कि सुरक्षित डिजिटल व्यवहार कैसे अपनाया जाए। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर डॉ. निधि, डॉ. पूनम गुप्ता, करुणा, डॉ. वसुंधरा मदान आदि उपस्थित रहे।

### अग्रसेन जयंती मनाई

**पानीपत।** अग्रवाल संगठन की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती व परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, मेयर कोमल सैनी, शहरी विधायक प्रमोद विज की पत्नी नीरू विज, मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल डांडा ने भी शिरकत की। वहीं, महाआरती के साथ 56 महिलाओं ने महालक्ष्मी को 56 भोग अर्पित किया।

### ट्रैफिक नियमों की परीक्षा 15 को

**पानीपत।** पानीपत जिला में यातायात सुरक्षा को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा 15 अक्तूबर बुधवार को करवाई जाएगी। इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्लान तैयार कर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उपरोक्त जानकारी डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने देते हुए बताया कि जिला पानीपत में करीब 2 लाख 32 हजार विद्यार्थी स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा में हिस्सा लेंगे।

### आर्य कॉलेज में रोजगार मेला 16 को

**पानीपत।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला पानीपत में ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने जानकारी दी कि मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप गरीब परिवारों को लाभकारी स्व-रोजगार और कुशल वेतन आधारित रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 16 अक्टूबर को आर्य कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा, जिसमें चार हजार से पांच हजार प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है।

### पुरस्कार को आवेदन मांगें

**पानीपत।** भारत सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### पावरलिफ्टिंग में मेडल जीते

**पानीपत।** दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र में नॉर्थ इंडिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें पानीपत के स्टेगफिट जिम के अंकित रावल, तरंग रावल और ओम बांगा ने गोल्ड मेडल्स जीत अपनी जिम के साथ साथ पूरे पानीपत का नाम रोशन कर दिया है।

### बसपा ने जुलूस निकाल जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** बसपा ने सोमवार को पानीपत में जुलूस निकला और जिला लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के सुसाइड मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

बसपा जिलाध्यक्ष फूल कुमार ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के सुसाइड मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में लगातार दलित वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। दलित समाज के लोगों का उत्पीडन कर परेशान किया जा रहा है।

*प्रधानमंत्री मोदी रैली की रैली को लेकर भाजपाइयों ने बैठक की*

## भारती जनता पार्टी की सोनीपत में रैली ऐतिहासिक होगी : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सोनीपत में 17 अक्टूबर को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर भाजपा कार्यालय में पार्टी नेताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जबकि विधायक प्रमोद विज, पूर्व सांसद संजय भाटिया मुख्य वक्ता रहे। रैली को सफल बनाने के लिए प्रदीप देशवाल, राजपाल व अशोक कटारिया ने भी अपने सुझाव दिए। जिला महामंत्री सुनील कंसल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 17 अक्टूबर को सोनीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। संजय भाटिया ने कहा कि पानीपत सोनीपत से लगता जिला है, इसके चलते पानीपत से बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं को जनता को लेकर सोनीपत पहुंचना चाहिए। इस अवसर पर रोशन लाल मेहला, नवीन भाटिया, संजय त्यागी, ज्योति शर्मा, रेशमा राजपूत, जगवीर आर्य, भावना जैन, रेनू समालखा, वेद परासर, तरुण गांधी, नरेश बेनीवाल, प्रदीप देशवाल, राजपाल, लाजपत मल्होत्रा व टेकराम मराठा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। भाजपा कार्यालय में बैठक करते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व पूर्व सांसद संजय भाटिया। फोटो :हरिभूमि

*कांग्रेस के संगठन में जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं के पद मिलेंगे*

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल, जनता का विश्वास खो चुकी : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। वहीं, अपनी गलत नीतियों के चलते प्रदेश सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। मलिक, सोमवार को मतलौडा में ब्लाक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और संगठन सृजन विषय पर बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष को लेकर विचार विमर्श किया। वहीं, रमेश मलिक ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की राय लेकर और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जल्द ही बूथ, मंडल, ब्लाक व जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और पार्टी के निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी।




कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कांग्रेसियों के साथ बैठक करते हुए।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर युवा कांग्रेस का पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू, खुशीराम जागलान, दीपक खटकड़, रामसिंह लोहारी, सतपाल रोड़, सतपाल, जयविंदर हुड्डा, सतेंद्र जांगड़ा, युथ अध्यक्ष जसबीर जागलान, जितेंद्र जागलान, बलवान वाल्मीकि, सुरेश गर्ग, जोगिंद्र सिंह कादियान, मनजीत मतलौडा, सुरेश भट्टी अटावला, प्रेम भंडारी, बंसी लाल, सज्जन मलिक, रणबीर शर्मा, सुरेंद्र नरवाल, तेजबीर शर्मा नारा, जसबीर पन्नू, राजेंद्र सिंह नारा, धर्म सिंह नारा आदि मौजूद रहे।

## अंतरिक्ष यात्री से मिली एसडीआईए की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं की छात्रा यशिका और कक्षा नौवीं के छात्र वत्सल को प्रश्नोत्तरी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात रूसी विज्ञान और संस्कृति केंद्र नई दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लेने और रूसी पायलट कॉस्मोनॉट डेनिस मत्वीव से संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ।

यह कार्यक्रम स्पेस इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था। जिसका विषय अंतरिक्ष में जीवन रखा गया था। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष यात्रियों के जीवन, उनके प्रशिक्षण और अंतरिक्ष में किए जाने वाले वैज्ञानिक अनुसंधान पर चर्चा की। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। इस उत्सव के सभी प्रतिभागियों को विद्यालय अध्यक्ष पवन गर्ग एवं प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि हम विज्ञान को केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं, बल्कि अपनी सोच का हिस्सा बनाएंगे।



पानीपत। रूसी अंतरीक्ष यात्री डेनिस मत्वीव के साथ एसडी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा सरकार की वर्षगांठ को लेकर बैठक आयोजित



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर 17 अक्टूबर को जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कड़ी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम सोनीपत में आयोजित किया जाएगा, इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार के एक साल पूरा होने पर जिला स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्य घर योजना, स्वनिधि योजना, सेल्फ हेल्प ग्रुप सदस्य, उज्जवला योजना, विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी और लाडो लक्ष्मी योजना, सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर लगाई जाएगी।

## विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं ताकि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में न धंस जाए। वहीं, ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह पहुंचे। वहीं, प्राचार्य सुरेंद्र कादियान की अध्यक्षता में 262 विद्यार्थियों 20 शिक्षकों और 4 अन्य कर्मियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भारत को ड्रग फ्री करने के लिए सरकार ने 1933 अथवा पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 जारी किया है। इस पर कोई भी व्यक्ति नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।



पानीपत। एनसीबी के डॉ. अशोक वर्मा, विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलवाते हुए।



पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

### समाधान शिविर से मिल रही जनता को राहत

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम मनदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समाधान निश्चित समय सीमा में हो। समाधान शिविर से जनता को राहत मिल रही है। शिकायतकर्ता उम्मीद लेकर आते हैं, हमें उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। अधिकारी गंभीरता से कार्य करें, किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि जनता की समस्याएं हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जो शिकायतें विभाग से संबंधित हैं, उनका समाधान हमें ही करना है। अधिकारी ईमानदारी और तत्परता से समाधान सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की देरी अस्वीकार्य है। इस अवसर पर नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, समाधान शिविर नोडल अधिकारी संजीव शर्मा, जोगिंदर आदि उपस्थित रहे।

- अधिकारी गंभीरता से कार्य करें, किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**सूचना**

मैं, वर्षा रानी पत्नी श्री जगन्नाथ निवासी मकान नं. 2470 न्यू दिवान नगर कच्चा कैम्प तहसील पानीपत जिला पानीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित व उसकी पत्नी प्रियंका ठाकुर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत ।

जगदीश पुत्र श्री नर सिंह दास निवासी मकान नं. 328, वार्ड नं. 23, किशनपुरा पानीपत ।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि जगदीश पुत्र श्री नर सिंह दास निवासी मकान नं.328, वर्ड नं.23, किशनपुरा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता जी श्री नर सिंह दास पुत्र श्री बनवारी लाल का देहांत दिनांक 12-06-2008 को हो चुका है एवं प्रार्थी की माता जी श्रीमति सुन्दरी देवी पत्नी श्री नरसिंह दास का देहांत दिनांक 27-12-2009 को हो चुका है। मृतक माता की मृत्यु से मृतक से काफी अरसे पहले हो चुकी है। श्री नर सिंह दास पुत्र श्री बनवारी लाल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस हैं:-

1. जगदीश, पुत्र 2. अशोक, पुत्र 3. कृष्णा देवी, पुत्री 4. सुरेश रानी, पुत्री 5. नरेशो देवी, पुत्री 6. रानी, पुत्री कुल 6 वारिस हैं। जिनमें से कृष्णा देवी पुत्र श्री नरसिंह दास की मृत्यु दिनांक 10.10.2016 को हो चुकी है उनकी मृत्यु उपरान्त उनके जायज वारिस 1. प्रदीप कुमार, पुत्र 2. संदीप कुमार, पुत्र 3. प्रवीन लता, पुत्री कुल तीन वारिस हैं। सुरेश रानी पुत्री श्री नर सिंह दास की भी मृत्यु हो चुकी है जिसके जायज वारिस 1. नितिन, पुत्र 2. अंकित, पुत्र 3. सोनिया, पुत्री है। इनके इलावा मृतको का अन्य कोई वारिस नहीं हैं। इनके इलावा मृतक श्री नर सिंह दास पुत्र श्री बनवारी लाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बावत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

क्रमांक 1629-30/रीडर दिनांक 03.10.2025

तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**बैठक** यमुना एक्शन प्लान व छठ पर्व को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# नहरों में प्रदूषित जल छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

- विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में सोमवार को यमुना एक्शन प्लान और आगामी छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मेम्बर सेक्रेटरी प्रदीप डागर ने की। वहीं, बैठक में संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि वे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की सतत निगरानी करें, ताकि एंट्रीटेड वॉटर यमुना में न जाए। बैठक में पुलिस विभाग को भी विशेष जिम्मेदारी दी गई है कि वे ड्रेनों में टैंकरों द्वारा अवैध रूप से अपशिष्ट जल डिस्चार्ज करने वालों पर कड़ी नजर रखें और दोषी टैंकरों को जब्त करें। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि ड्रेनों में किसी भी प्रकार का ठोस कचरा न फेंका जाए, और जहां भी कचरा जमा है, वहां तत्काल सफाई की जाए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए, ताकि यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने का लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके। नहरों में प्रदूषित जल छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, जेपी सिंह आरओ भूपेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




पानीपत जिला सचिवालय में बैठक करते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज एचकेआरएन में ज्वाइनिंग के नाम पर नकली लेटर देने की धोखाधड़ी करने व दो लाख रिशवत लेने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पंजोखरा के गुरमीत सिंह ने 11 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अंबाला छावनी में 16 अप्रैल 2025 से 17 जुलाई 2025 के दौरान आरोपी अजय कुमार ने नौकरी लगवाने के नाम पर एचकेआरएन में ज्वाइनिंग का नकली लेटर देने की धोखाधड़ी करने व दो लाख रिशवत लेने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सब्सिडी के चेक वितरित किए

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल द्वारा गांव लखनौरा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को योजना के तहत सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। उन्होंने अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा प्रदेश सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है।

### पुलिस डीएवी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक संस्कार पखवाड़ा के तत्वाधान में आनंद पर्व मनाया गया जिसके तहत महात्मा आनंद स्वामी स्मृति अंतरविद्यालय एवं महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों कनिष्ठ वर्ग, वरिष्ठ वर्ग व महाविद्यालय स्तर पर किया गया। इस कविता प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में छठी से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### हवन व मासिक बैठक का किया आयोजन

**अंबाला।** नारायणगढ़ रोड़ स्थित गांव खतौली की भगवान परशुराम गौशाला में ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें अम्बाला सहित कई शहरों के ब्राह्मण नेता और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए।इस अवसर पर हवन यज्ञ और गौ पूजन करके विश्व ब्राह्मण संघ के संस्थापक स्वर्गीय मांगे राम शर्मा को दी पुष्पांजलि दी गई।कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन राजेंद्र कौशिक द्वारा किया गया।

### पात्रों को मिले योजनाओं का लाभः एसडीएम

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई बार पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित रह जाते हैं, इसलिए प्रत्येक विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को चाहिए कि लोगों को योजनाओं की पूरी जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन करें। प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

## डीसी को ज्ञापन देकर दिवंगत एडीजीपी वाई. पूर्ण कुमार को न्याय दिलाने की मांग

# प्रदेश सरकार की दलित विरोधी नीतियों पर कांग्रेस का वार, जमकर किया प्रदर्शन

**रोष मार्च के जरिए डीसी ऑफिस पहुंचे कांग्रेसी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर दलित विरोधी नीतियों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अंबाला शहरी पवन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष ग्रामीण दुष्यंत चौहान, जिला अध्यक्ष अंबाला कैंट परविंदर सिंह ढिल्लो की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सरकार की दलित विरोधी नीतियों और एडीजीपी वाई पूरण कुमार के साथ हुई अमानवीय प्रताड़ना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन के बाद ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है वह लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए शर्मनाक है। वरिष्ठ अधिकारी पूरण कुमार को इतनी प्रताड़ना झेलनी पड़ी कि अंततः उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त करने जैसा दुखद कदम उठाया। यह न केवल प्रदेश सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है बल्कि भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को भी उजागर करता है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी राम किशन गुज्जर ने बताया कि भाजपा सरकार का शासन काल अन्याय, भेदभाव और उत्पीड़न का प्रतीक बन चुका है। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रही है। इस मुद्दे पर भी सड़कों से लेकर विधानसभा तक आवाज उठाई जाएगी।



अंबाला। रोषमार्च के दौरान कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### बसपा ने किया डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन

**अंबाला।** एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार के आत्महत्या मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसका नेतृत्व हरियाणा प्रदेश के राज्य कोऑर्डिनेटर विशाल गुर्जर ने किया। बहुजन समाज पार्टी के राज्य को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की ओर से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि एडीजीपी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले में डीजीपी एवं एसपी रोहतक एवं नामजद अधिकारियों की तुरंत गिरफ्तारी की जाए। यह केस अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और बीएमएस की धारा-112 के तहत चलाया जाए। इस मामले की निगरानी उच्चतम न्यायालय या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से की जाए। हमले की उच्च स्तरीय जांच ओर दोषियों को संविधान विरोधी कृत्य के लिए दंडित किया जाए। जाति आधारित उत्पीड़न के मामले में त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सख्त सजा मिले

जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल, ग्रामीण अध्यक्ष दुष्यंत चौहान और अंबाला छावनी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ढिल्लों परी ने कहा कि भाजपा सरकार में न्याय और संवेदनशीलता का नाम तक नहीं बचा है। एक ईमानदार दलित अधिकारी को इस कदर परेशान किया गया कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। यह प्रदेश सरकार के चरित्र पर गहरा प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस पार्टी इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करती है और पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बताया कि यह घटना पूरे प्रदेश के लिए शर्म का विषय है। भाजपा सरकार में न तो दलितों की सुनवाई है, न ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा। मांग की कि पूरण कुमार को न्याय दिलाने के लिए उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए। इस विरोध प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस की ओर से उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि स्वर्गीय एडीजीपी पूरण कुमार को न्याय दिलाया जाए। दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा सरकार इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।



अंबाला। विजेता खिलाड़ियों के साथ डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

## उपायुक्त ने विजेताओं को किया सम्मानित

# खेलों में हार जीत नहीं रखती कोई भी मायने

- मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि का एसो .ने किया अभिन्नदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि खेलों मे जीत हार मायने नहीं रखती बल्कि खेलों में भाग लेना बड़ी बात होती हैं। खेलों का हमारे जीवन में अहम महत्व होता है। उपायुक्त ने यह अभिव्यक्ति डिस्ट्रिक बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंबाला ओपन डिस्ट्रिक बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं। कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर आर्य कॉलेज के प्रधान इन्द्र देव गुप्ता ने शिरकत की। इससे पहले मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि का यहां पहुंचने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिन्नदन भी किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस बैडमिंटन खेलते खिलाडि़यों को खेल जगत में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते कहा कि खेल फायदेमंद होता है। खेल से हम शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। कहा कि खेल में हार जीत मायने नहीं रखती बल्कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना अहम होता हैं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के जनरल सैक्रेटरी राजेश कुमार ने मुख्यअतिथि व अन्य गणमान्य लोगों का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए बताया कि अंबाला डिस्ट्रिक बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा यहां पर अंबाला ओपन डिस्ट्रिक बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता दो दिन चली है, जिसमें लगभग 148 खिलाडियों ने भाग लिया है।इस मौके पर एसोसिएशन के सदस्य मुकेश गुप्ता, सदस्य ललित आनंद, सदस्य सुमेश कुमार, सदस्य एसबी. सहगल, कोषाध्यक्ष आरके शर्मा, कार्यकारी डीएसओ राम स्वरूप के साथ-साथ प्रतिभागी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत विषय पर सेमिनार

- सरकारी व निजी स्कूलों के शिक्षकों के साथ छात्रों ने सेमिनार में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सोमवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में "विकसित भारत" विषय पर एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में देशभर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को "विकसित भारत" के संकल्प से जोड़ना और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना था।



बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया

सत्र के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने स्टूडेंटस को बताया कि यदि हर बच्चा आत्मनिर्भर बनेगा, तो भारत भी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने, नवाचार अपनाने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य वरिंद्र कौर ने शिक्षा मंत्रालय का आभार व्यक्त करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं तथा उन्हें भविष्य के सक्षम नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

# जैन सभा समाजसेवा के क्षेत्र में कर रही उत्कृष्ट कार्य

- श्री दिगंबर जैन सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज से सोमवार को उनके अंबाला छावनी स्थित आवास पर श्री दिगंबर जैन सभा अंबाला छावनी के नवनियुक्त पदाधिकारी पहुंचे।

मंत्री ने उनका स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभा के नवनियुक्त प्रधान राजेश जैन सहित पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही। ऊर्जा मंत्री ने पदाधिकारियों से बातचीत के दौरान कहा कि जैन सभा समाज सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा, चिकित्सा और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

विज ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी भी इसी समर्पण भावना के साथ समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि जैन समाज हमेशा सेवा, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलता आया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि नई कार्यकारिणी समाज में सौहार्द और सेवा के कार्यों को और गति देगी।



अंबाला। मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते जैन सभा के नवनियुक्त पदाधिकारी।

### आगे बढ़ने का आह्वान

इस अवसर पर मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाजहित में बेहतर योजनाओं को लागू करने और एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति एकता में है और सामूहिक प्रयासों से ही विकास का रास्ता खुलता है।

### मंत्री विज का आभार जताया

गौरतलब है कि श्री दिगंबर जैन सभा अंबाला छावनी के चुनाव बीती रात शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए थे। इसमें राजेश जैन ने प्रधान पद पर विजय हासिल की जबकि डॉ. राजीव जैन उपाध्यक्ष, विजय जैन सचिव और राकेश जैन कोषाध्यक्ष चुने गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज का आभार जताया और कहा कि वे समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी कार्यकाल में समाज के हर वर्ग तक सेवा की भावना के साथ पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# पीएम मोदी की रैली को लेकर सौंपी जिम्मेदारी

- जिलाध्यक्ष मनदीप राणा बोले पीएम की रैली केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनता के विश्वास को होगी समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 'जन विश्वास–जन विकास' रैली को लेकर जिला में भाजपा की विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने की जिसमें जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के निर्देशों को सांझा करते हुए 17 अक्तूबर को रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने बताया कि यह रैली प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनता के विश्वास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रैली में पहुंचेंगे। राणा ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में यह रैली आयोजित की जा रही है। कहा कि इस अवधि में प्रदेश में विकास की नई गति आई है जिसका संदेश जन–जन तक पहुंचाना पार्टी का लक्ष्य है।



अंबाला। पीएम मोदी की रैली को लेकर चर्चा करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

सभी मंडलों से रैली में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व करमचंद गोल्डी, आरती सहगल, गुरप्रीत कौर, वीनू गर्ग, संदीप सैनी, राजीव गुप्ता डिंपल,सत्य प्रकाश, रवि राणा, सोशल मीडिया प्रमुख जसबीर सिंह, आईटी प्रमुख सचिन तंवर, जिला मीडिया प्रमुख साहिल कक्कड़,मंडल अध्यक्ष सहित व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यक्रम में 60 शिक्षकों ने लिया भाग

- आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी अवधारणाओं से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में शेमफॉर्ड स्कूल में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जो ज्ञान एवं तकनीकी नवाचार की दिशा में एक प्रतीकात्मक शुरुआत रही। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति के रूप में निशा सिन्हा और सेमियल शर्मा उपस्थित रहे।



बराड़ा। कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### आधुनिक तकनीकी ज्ञान से सशक्त

दोनों विशेषज्ञों ने शिक्षकों को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी अवधारणाओं से अवगत कराया और बताया कि एआई आज शिक्षा जगत में किस प्रकार परिवर्तनकारी भूमिका निभा रहा है। संसाधन व्यक्तियों ने मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, चैटबॉट्स, एवं एआई आधारित शिक्षण उपकरणों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, व्यक्तिगत और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। विद्यालय की प्राचार्या रूबी शर्मा ने प्रशिक्षकों का धन्यवाद करते कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाते हैं और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाते हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**कैथल।** पराली से भरे ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। गांव कांगथली निवासी ऋषि कुमार की शिकायत पर सीवन थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसके 46 वर्षीय पिता शिव कुमार खेती बाड़ी का कार्य करते थे। 11 अक्टूबर को वह और उसके पिता खेतों में गए हुए थे। खेतों में काम करने के बाद रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों अलग-अलग बाइक पर घर के लिए चले थे। गांव कांगथली रोड पर डेरा हरि सिंह क्षेत्र गांव रामदासपुरा के पास पहुंचे तो पराली से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सहायता से उसके पिता को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005


## प्रशासक की ओर से जारी की अधिसूचना, 23 अक्तूबर से शुरू होगी नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया

**लंबे समय से लंबित क्लब के चुनाव, अंबाला क्लब में लगभग 778 सदस्य**

# अंबाला क्लब के चुनाव का बिगुल बजा 2 नवंबर को चुनी जाएगी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के प्रतिष्ठित अंबाला क्लब की नई कार्यकारिणी का चुनाव 2 नवंबर को होगा। एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार और क्लब प्रशासन ने चुनाव संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। 23 अक्तूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद 2 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक वोट डाले जाएंगे। अंबाला क्लब में लगभग 778 सदस्य हैं। इनमें करीब 100 सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने अपने ड्यूज क्लियर नहीं किए हैं। सभी क्लब सदस्यों को 21 अक्तूबर शाम 5 बजे तक अपनी ड्यूज (बकाया राशि) क्लियर करनी होगी।





### 100 सदस्य के ड्यूज क्लियर नही

अंबाला क्लब में लगभग 778 सदस्य हैं, जिनकी फाइनल वोटर लिस्ट 12 सितंबर को जारी की गई थी। हालांकि, अभी भी करीब 100 सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने ड्यूज क्लियर नहीं किए हैं। क्लब के प्रशासक दर्शन कुमार ने बताया कि वोटर लिस्ट के अंतिम रूप न लेने के कारण चुनाव में विलंब हुआ था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में प्रस्तावित चुनावों को लेकर करीब साढ़े चार साल पहले प्रशासक की नियुक्ति की गई थी जिसे हाल ही में तीन माह की एक्सटेंशन दी गई है। इस चुनाव में क्लब के प्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष समेत 5 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। इनमें से एक पद महिला और एक वरिष्ठ नागरिक के लिए आरक्षित रहेगा। विभिन्न पदों के लिए रिफंडेबल सिक्योरिटी राशि प्रधान के लिए 10,000, सचिव के लिए 7,500, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए 5,000-5,000 तथा कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 3,500 रुपये तय है।

### प्रशासक द्वारा बनाई कमेटी कर रही संचालन

क्लब का संचालन अब तक प्रशासक द्वारा बनाई गई तीन सदस्यीय कमेटी कर रही थी जिसमें एडवोकेट संदीप सचदेवा, पूर्व प्रधान अरविंद सिकरी और सीए रोहित गुप्ता शामिल हैं। बता दें कि अंबाला क्लब शहर का सबसे प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन माना जाता है। इसके सदस्यों में व्यवसायी, वकील, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट और शहर के अन्य नामी लोग शामिल हैं। इस बार क्लब चुनाव को लेकर शहर में काफी उत्साह देखा जा रहा है। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि चुनाव के संचालन के लिए तहसीलदार आदित्य रंगा को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। हमारी कोशिश है कि इस बार चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। अंबाला क्लब के चुनाव 2021 में करवाए जाने थे लेकिन उस दौरान पुरानी-नई वोटर लिस्ट को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जिसके चलते चुनाव नहीं हो पाए थे। इसके बाद एसडीएम को क्लब के बतौर एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त कर दिया गया था। ऐसे में बार-बार उनका कार्यकाल बढ़ता चला गया।